Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER









कक्षा - 11

जीव विज्ञान

अध्याय – 2

जीव जगत का वर्गीकरण

भाग – 6

अभ्यास प्रश्न

चन्द्रमोहन वर्मा

Under CSR Support by ipca | Foundation

अभ्यास प्रश्न

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER





1 | वर्गीकरण की पद्धतियों में समय के साथ आए परिवर्तनों की व्याख्या कीजिए।

Under CSR Support by ipca | Foundation

अभ्यास प्रश्न

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER



1 वर्गीकरण की पद्धतियों में समय के साथ आए परिवर्तनों की व्याख्या कीजिए।

उत्तर :

वर्गीकरण पद्धति (classification system) जीवों को उनके लक्षणों की समानता और असमानता के आधार पर समूह तथा उपसमूहों में व्यवस्थित करने की प्रक्रिया है। प्रारम्भिक पद्धतियाँ कृत्रिम थीं। उसके पश्चात् प्राकृतिक तथा जातिवृतीय वर्गीकरण पद्धतियों का विकास हुआ।

Under CSR Support by ipca | Foundation

अभ्यास प्रश्न

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER



1. कृत्रिम वर्गीकरण पद्धति (Artificial Classification System) : इस प्रकार के वर्गीकरण में कायिक लक्षणों (vegetative characters) या पुमंग (androecium) के आधार पर पुष्पी पौधों का वर्गीकरण किया गया है।
उदाहरण : कैरोलस लीनियस (Carolus Linnaeus) ने पुमंग के आधार पर वर्गीकरण प्रस्तुत किया था। परन्तु, कृत्रिम लक्षणों के आधार पर किए गए वर्गीकरण में जिन पौधों के समान लक्षण थे उन्हें अलग-अलग तथा जिनके लक्षण असमान थे उन्हें एक ही समूह में रखा गया था।

Under CSR Support by ipca | Foundation

अभ्यास प्रश्न

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER





2. प्राकृतिक वर्गीकरण पद्धति (Natural Classification System) : प्राकृतिक वर्गीकरण पद्धति में पौधों के सम्पूर्ण प्राकृतिक लक्षणों को ध्यान में रखकर उनका वर्गीकरण किया जाता है। पौधों की समानता निश्चित करने के लिए उनके सभी लक्षणों – विशेषतया पुष्प के लक्षणों का अध्ययन किया जाता है। इसके अतिरिक्त पौधों की आंतरिक संरचना, जैसे शारीरिकी, भ्रौणिकी एवं फाइटोकेमेस्ट्री (phytochemistry) आदि को भी वर्गीकरण करने में सहायक माना जाता है।

उदाहरण : बेंथम एवं हूकर का वर्गीकरण।

Under CSR Support by ipca | Foundation

अभ्यास प्रश्न

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER



3. जातिवृत्तीय वर्गीकरण पद्धति (Phylogenetic Classification System) : इस प्रकार के वर्गीकरण में पौधों को उनके विकास और आनुवंशिक लक्षणों को ध्यान में रखकर वर्गीकृत किया गया है। विभिन्न कुलों एवं वर्गों को इस प्रकार व्यवस्थित किया गया है जिससे उनके वंशानुक्रम का ज्ञान हो। इस प्रकार के वर्गीकरण में यह माना जाता है कि एक प्रकार के टैक्सा (taxa) का विकास एक ही पूर्वजों (ancestors) से हुआ है।

वर्तमान में हम अन्य स्रोतों से प्राप्त सूचना को वर्गीकरण की समस्याओं को सुलझाने में प्रयुक्त करते हैं।

Under CSR Support by ipca | Foundation

अभ्यास प्रश्न

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER





2 निम्नलिखित के बारे में आर्थिक दृष्टि से दो महत्वपूर्ण उपयोगों को लिखें:

(क) परपोषी बैक्टीरिया

(ख) आद्य बैक्टीरिया

Under CSR Support by ipca | Foundation

अभ्यास प्रश्न

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER



2 निम्नलिखित के बारे में आर्थिक दृष्टि से दो महत्वपूर्ण उपयोगों को लिखें:
(क) परपोषी बैक्टीरिया
(ख) आद्य बैक्टीरिया

उत्तर :

(क) परपोषी बैक्टीरिया (Heterotrophic Bacteria) : परपोषी बैक्टीरिया का उपयोग दूध से दही बनाने, प्रतिजीवी (antibiotic) उत्पादन में तथा लेग्युमिनोसी कुल के पौधों की जड़ों में नाइट्रोजन स्थिरीकरण (nitrogen fixation) में किया जाता है।

Under CSR Support by ipca | Foundation

अभ्यास प्रश्न

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER





(ख) आद्य बैक्टीरिया (Archaebacteria) : आद्य बैक्टीरिया का उपयोग गोबर गैस (biogas) निर्माण तथा खानों (mines) में किया जाता है।

Under CSR Support by ipca | Foundation

अभ्यास प्रश्न

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER





3 | डाइएटम की कोशिका भित्ति के क्या लक्षण हैं?

Under CSR Support by ipca | Foundation

अभ्यास प्रश्न

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER



3 डाइएटम की कोशिका भित्ति के क्या लक्षण हैं?

उत्तर :

डाइएटम की कोशिका भित्ति में सिलिका (silica) पाई जाती है। कोशिका भित्ति दो भागों में विभाजित होती है जो साबुनदानी की तरह लगी होती हैं। डाइएटम की कोशिका भित्तियाँ एकत्र होकर डाएटमी मृदा (diatomaceous soil) बनाती हैं।

Under CSR Support by ipca | Foundation

अभ्यास प्रश्न

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER





4 | ‘शैवाल पुष्पन’ (algal bloom) तथा ‘लाल तरंगें’ (red tides) क्या दर्शाती हैं?

Under CSR Support by ipca | Foundation

अभ्यास प्रश्न

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER



4 | 'शैवाल पुष्पन' (algal bloom) तथा 'लाल तरंगें' (red tides) क्या दर्शाती हैं?

उत्तर :

शैवालों की प्रदूषित जल में अत्यधिक वृद्धि शैवाल पुष्पन (algal bloom) कहलाती हैं। यह मुख्य रूप से नीली-हरी शैवाल (सायनोबैक्टीरिया) द्वारा होती है। डायनोफ्लैजिलेट्स जैसे गोनियोलैक्स के तीव्र गुणन से समुद्र के जल का लाल होना लाल तरंगें (red tide) कहलाता है।

Under CSR Support by ipca | Foundation

अभ्यास प्रश्न

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER





5 | वाइरस से वाइरॉयड कैसे भिन्न होते हैं?

Under CSR Support by ipca | Foundation

अभ्यास प्रश्न

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER



5 वाइरस से वाइरॉयड कैसे भिन्न होते हैं?

उत्तर : वाइरस तथा वाइरॉयड में निम्नलिखित अन्तर पाए जाते हैं –

क्र.सं	वाइरस	वाइरॉयड
1.	यह न्यूक्लियोप्रोटीन (nucleoprotein) का बना होता है।	यह RNA (राइबोन्यूक्लिक एसिड) का बना होता है।
2.	इसमें न्यूक्लिक अम्ल DNA अथवा RNA हो सकता है।	इसमें केवल RNA पाया जाता है।

Under CSR Support by ipca | Foundation

अभ्यास प्रश्न

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER



क्र.सं	वाइरस	वाइरॉयड
3.	प्रोटीन का कवच (capsid) पाया जाता है।	प्रोटीन का कवच (capsid) अनुपस्थित होता है।
4.	इसका आकार बड़ा होता है।	इसका आकार छोटा होता है।
5.	वाइरस सभी जीवों को संक्रमित कर सकते हैं।	वाइरॉयड केवल पौधों को संक्रमित करते हैं।

Under CSR Support by ipca | Foundation

अभ्यास प्रश्न

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER





6 | प्रोटोज़ोआ के चार प्रमुख समूहों का संक्षिप्त वर्णन कीजिए।

Under CSR Support by ipca | Foundation

अभ्यास प्रश्न

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER



6 | प्रोटोजोआ के चार प्रमुख समूहों का संक्षिप्त वर्णन कीजिए।

उत्तर :

ये जगत प्रोटिस्टा (protista) के अन्तर्गत आने वाले यूकैरियोटिक, सूक्ष्मदर्शीय, परपोषी सरलतम जन्तु हैं। ये एककोशिकीय होते हैं। कोशिका में समस्त जैविक क्रियाएँ सम्पन्न होती हैं। ये परपोषी होते हैं। कुछ प्रोटोजोआ परजीवी होते हैं। इन्हें चार प्रमुख समूहों में बाँटा जाता है।

Under CSR Support by ipca | Foundation

अभ्यास प्रश्न

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER



1. अमीबीय प्रोटोजोआ (Amoebic Protozoa) :
   - ☛ जीवधारी स्वच्छ, समुद्री जल तथा नम मृदा में पाए जाते हैं।
   - ☛ कूटपादों की सहायता से अपने शिकार को पकड़ने में सक्षम।
   - ☛ समुद्र में पाये जाने वाले अमीबीय प्रोटोजोआ में शरीर के बाहर सिलिका का कवच पाया जाता है।
   - ☛ उदाहरण : एन्टअमीबा



Under CSR Support by ipca | Foundation

अभ्यास प्रश्न

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER



2. कशाभी प्रोटोजोआ (Flagellate Protozoa) :

- सदस्य स्वच्छन्द अथवा परजीवी।
- शरीर में कशाभी प्रोटोजोआ बीमारी के कारण जिसमें निद्रालु व्याधि (sleeping sickness) नामक बिमारी होती है।
- उदाहरण : ट्रिपेनोसोमा।



Under CSR Support by ipca | Foundation

अभ्यास प्रश्न

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER



3. पक्ष्माभी प्रोटोजोआ (Ciliate Protozoa) :

- जलीय एवं अत्यन्त सक्रिय गति करने वाले जीवधारी। (कारण : शरीर पर हजारों की संख्या में पक्ष्माभ की उपस्थिति।)
- इनमें एक गुहा (ग्रसिका) होती है जो कोशिका की सतह के बाहर की ओर खुलती है।
- पक्ष्माभों की लयबद्ध गति के कारण जल से पूरित भोजन गलेट की तरफ भेज दिया जाता है।
- उदाहरण : पैरामीशियम।



Under CSR Support by ipca | Foundation

अभ्यास प्रश्न

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER



4. स्पोरोजोआ प्रोटोजोआ (Sporozoans) :

- इस समूह के जीवों में गमन करने के अंगों का अभाव होता है।
- इनके जीवनचक्र में संक्रमण करने योग्य बीजाणु जैसी अवस्था पाई जाती है।
- इनमें अनेक परजीवी अनुकूलन पाये जाते हैं।
- उदाहरण : प्लाज्मोडियम (मलेरिया परजीवी) जो प्रतिवर्ष अनेक व्यक्तियों को संक्रमित कर मलेरिया रोग उत्पन्न करता है।



Under CSR Support by ipca | Foundation

अभ्यास प्रश्न

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER





7 पादप स्वपोषी हैं। क्या आप ऐसे कुछ पादपों को बता सकते हैं जो आंशिक रूप से परपोषित हैं?

Under CSR Support by ipca | Foundation

अभ्यास प्रश्न

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER



7 पादप स्वपोषी हैं। क्या आप ऐसे कुछ पादपों को बता सकते हैं जो आंशिक रूप से परपोषित हैं?

उत्तर :

कीटभक्षी पौधे (insectivorous plants) जैसे – यूट्रीकुलेरिया (ब्लेडरवर्ट), ड्रोसेरा, नेपेन्थीस, वीनस फ्लाईट्रैप आदि आंशिक परपोषी (partially heterotrophic) हैं। ये पौधे हरे तथा स्वपोषी हैं परन्तु नाइट्रोजन के लिए कीटों (insects) पर निर्भर रहते हैं।

Under CSR Support by ipca | Foundation

अभ्यास प्रश्न

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER





8 | शैवालांश (phycobiont) तथा कवकांश (mycobionts) शब्दों से क्या पता लगता है?

Under CSR Support by ipca | Foundation

अभ्यास प्रश्न

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER



8 शैवालांश (phycobiont) तथा कवकांश (mycobionts) शब्दों से क्या पता लगता है?

उत्तर :

लाइकेन (lichen) में शैवाल व कवक सहजीवी रूप में रहते हैं। इसमें शैवाल वाले भाग को शैवालांश (phycobiont) तथा कवक वाले भाग को कवकांश (mycobiont) कहते हैं। शैवालांश भोजन निर्माण करता है जबकि कवकांश सुरक्षा एवं जनन में सहायता करता है।

Under CSR Support by ipca | Foundation

अभ्यास प्रश्न

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER





9 कवक (Fungi) जगत के वर्गों का तुलनात्मक विवरण निम्नलिखित बिन्दुओं के अन्तर्गत कीजिए :

(क) पोषण की विधि

(ख) जनन की विधि

Under CSR Support by ipca | Foundation

अभ्यास प्रश्न

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER



9 कवक (Fungi) जगत के वर्गों का तुलनात्मक विवरण निम्नलिखित बिन्दुओं के अन्तर्गत कीजिए :
(क) पोषण की विधि

उत्तर : (क) पोषण की विधि

फाइकोमाइसिटीज	एस्कोमाइसिटीज	बेसिडियोमाइसिटीज	ड्यूटेरोमाइसिटीज
मृतोपजीवी या पूर्ण परजीवी	मृतोपजीवी, परजीवी, डीकम्पोजर्स या कोपरोफिलस	मृतोपजीवी या परजीवी	मृतोपजीवी, परजीवी या डीकम्पोजर्स

Under CSR Support by ipca | Foundation

अभ्यास प्रश्न

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER





9 कवक (Fungi) जगत के वर्गों का तुलनात्मक विवरण निम्नलिखित बिन्दुओं के अन्तर्गत कीजिए :
(ख) जनन की विधि

उत्तर : (ख) जनन की विधि

Under CSR Support by ipca | Foundation

अभ्यास प्रश्न

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER



फाइकोमाइसिटीज	एस्कोमाइसिटीज	बेसिडियोमाइसिटीज	ड्यूटेरोमाइसिटीज
अलैंगिक जनन जूस्पोर या अचल एप्लैनेस्पोर द्वारा होता है। लैंगिक जनन निषिक्ताण्ड (ऊस्पोर), जाइगोस्पोर द्वारा होता है।	अलैंगिक जनन कोनिडिया द्वारा होता है तथा लैंगिक जनन एसाई (asci) के अन्दर बनने वाले एस्कोस्पोर द्वारा होता हैं।	अलैंगिक स्पोर नहीं बनते। लैंगिक जनन प्लाज्मोगैमी द्वारा होता है जिससे बेसिडीया पर बाह्य रूप में बेसीडियोस्पोर बनते हैं।	अलैंगिक जनन मुख्य रूप से पाया जाता है। यह कोनिडीया द्वारा होता है। लैंगिक जनन अनुपस्थित होता है।

Under CSR Support by ipca | Foundation

अभ्यास प्रश्न

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER





10 यूग्लीनॉइड के विशिष्ट चारित्रिक लक्षण कौन-कौन से हैं?

Under CSR Support by ipca | Foundation

अभ्यास प्रश्न

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER



10 यूग्लीनॉइड के विशिष्ट चारित्रिक लक्षण कौन-कौन से हैं?

उत्तर :

यूग्लीनॉइड के चारित्रिक लक्षण –

1. अधिकांश स्वच्छ, स्थिर जल (stagnant fresh water) में पाए जाते हैं।
2. इनमें कोशिका भित्ति का अभाव होता है।
3. कोशिका भित्ति के स्थान पर रक्षात्मक प्रोटीनयुक्त लचीला आवरण पेलिकल (pellicle) पाया जाता है।

Under CSR Support by ipca | Foundation

अभ्यास प्रश्न

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER



4. इनमें 2 कशाभ (flagella) होते हैं, एक छोटा तथा दूसरा बड़ा कशाभ।
5. इनमें क्लोरोप्लास्ट पाया जाता है।
6. सूर्य के प्रकाश की उपस्थिति में ये प्रकाश संश्लेषण क्रिया द्वारा भोजन निर्माण कर लेते हैं और प्रकाश के अभाव में जन्तुओं की भाँति सूक्ष्मजीवों का भक्षण करते हैं अर्थात् परपोषी की तरह व्यवहार करते हैं।

उदाहरण : यूग्लीना (Euglena)।

Under CSR Support by
ipca | Foundation

अभ्यास प्रश्न

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER





11 संरचना तथा आनुवंशिक पदार्थ की प्रकृति के सन्दर्भ में वाइरस का संक्षिप्त विवरण दीजिए। वाइरस से होने वाले चार रोगों के नाम भी लिखिए।

Under CSR Support by ipca | Foundation

अभ्यास प्रश्न

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER





11 संरचना तथा आनुवंशिक पदार्थ की प्रकृति के सन्दर्भ में वाइरस का संक्षिप्त विवरण दीजिए। वाइरस से होने वाले चार रोगों के नाम भी लिखिए।

उत्तर :

वाइरस दो प्रकार के पदार्थों के बने होते हैं : प्रोटीन (protein) और न्यूक्लिक एसिड (nucleic acid)। प्रोटीन का खोल (shell), जो न्यूक्लिक एसिड के चारों ओर रहता है, उसे कैप्सिड (capsid) कहते हैं। प्रत्येक कैप्सिड छोटी-छोटी इकाइयों का बना होता है, जिन्हें कैप्सोमियर्स (capsomeres) कहा जाता है। ये कैप्सोमियर्स न्यूक्लिक एसिड कोर के चारों ओर

Under CSR Support by ipca | Foundation

अभ्यास प्रश्न

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER



एक ज्योमैट्रिकल पैटर्न में होते हैं। न्यूक्लिक एसिड या तो RNA या DNA के रूप में होता है। पौधों तथा कुछ जन्तुओं के वाइरस का न्यूक्लिक एसिड RNA (ribonucleic acid) होता है, जबकि अन्य जन्तु वाइरसों में यह DNA (deoxyribonucleic acid) के रूप में होता है। वाइरस का संक्रमण करने वाला भाग आनुवंशिक पदार्थ (genetic material) है।

Under CSR Support by ipca | Foundation

अभ्यास प्रश्न

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER



वाइरस आनुवंशिक पदार्थ निम्न प्रकार का हो सकता है –

1. द्विरज्जुकीय DNA (double stranded DNA);
   जैसे – बैक्टीरियोफेज, हर्पिस वाइरस, हिपेटाइटिस–B
2. एक रज्जुकीय DNA (single stranded DNA)
   जैसे – बैक्टीरियोफेज ϕ x 174
3. द्विरज्जुकीय RNA (double stranded RNA)
   जैसे – रिट्रोवाइरस (HIV)।

पश्च विभाग

Under CSR Support by ipca | Foundation

अभ्यास प्रश्न

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER



4. एक रज्जुकीय RNA (single stranded RNA) जैसे – TMV, खुरपका-मुँहपका वाइरस, पोलियो वाइरस, रिट्रोवाइरस।

वाइरस से होने वाले रोग : एड्स (AIDS), सामान्य जुकाम, बर्ड फ्लू, डेंगू, हेपेटाइटिस–बी।

Under CSR Support by ipca | Foundation

अभ्यास प्रश्न

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER





12 अपनी कक्षा में इस शीर्षक “क्या वाइरस सजीव हैं अथवा निर्जीव’, पर चर्चा करें।

Under CSR Support by
ipca | Foundation

अभ्यास प्रश्न

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



12 | अपनी कक्षा में इस शीर्षक “क्या वाइरस सजीव हैं अथवा निर्जीव’, पर चर्चा करें।

उत्तर :

वाइरस (Virus) : इनकी खोज सर्वप्रथम इवानोवस्की (Iwanovsky, 1892), ने की थी। ये प्रूफ फिल्टर से भी छन जाते हैं। एम. डब्ल्यू. बीजेरिन्क (M.W. Beijerinck, 1898) ने पाया कि संक्रमित (रोगग्रस्त) पौधे के रस को स्वस्थ पौधो की पत्तियों पर रगड़ने से स्वस्थ पौधे भी रोगग्रस्त हो जाते हैं। इसी आधार पर इन्हें तरल विष या संक्रामक जीवित तरल कहा गया। डब्ल्यू. एम. स्टैनले (W.M. Stanley, 1935) ने वाइरस को

Under CSR Support by ipca | Foundation

अभ्यास प्रश्न

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER



क्रिस्टलीय अवस्था में अलग किया। वाइरस को सजीव तथा निर्जीव के मध्य की कड़ी (connecting link) मानते हैं।

वाइरस के सजीव लक्षण –

1. वाइरस प्रोटीन तथा न्यूक्लिक अम्ल (DNA या RNA) से बने होते हैं।

Under CSR Support by ipca | Foundation

अभ्यास प्रश्न

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER



2. जीवित कोशिका के सम्पर्क में आने पर ये सक्रिय हो जाते हैं। वाइरस का न्यूक्लिक अम्ल पोषक कोशिका में पहुँचकर कोशिका की उपापचयी क्रियाओं पर नियन्त्रण स्थापित करके स्वद्विगुणन करने लगता है और अपने लिए आवश्यक प्रोटीन का संश्लेषण भी कर लेता है। इसके फलस्वरूप विषाणु की संख्या की वृद्धि अर्थात् जनन होता है।

Under CSR Support by ipca | Foundation

अभ्यास प्रश्न

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER



वाइरस के निर्जीव लक्षण –

1. इनमें एन्जाइम्स के अभाव में कोई उपापचयी क्रिया स्वतन्त्र रूप से नहीं होती।
2. वाइरस केवल जीवित कोशिकाओं में पहुँचकर ही सक्रिय होते हैं। जीवित कोशिका के बाहर ये निर्जीव रहते हैं।
3. वाइरस में कोशा अंगक तथा दोनों प्रकार के न्यूक्लिक अम्ल (DNA और RNA) नहीं पाए जाते।
4. वाइरस को रवों (crystals) के रूप में निर्जीवों की भाँति सुरक्षित रखा जा सकता है। रवे (crystal) की अवस्था में भी इनकी संक्रमण शक्ति कम नहीं होती।

Under CSR Support by ipca | Foundation

अभ्यास प्रश्न

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER





3. वाइरस में प्रवर्धन केवल जीवित कोशिकाओं में ही होता है।
4. इनमें उत्परिवर्तन (mutation) के कारण आनुवंशिक विभिन्नताएँ उत्पन्न होती हैं।
5. वाइरस ताप, रासायनिक पदार्थ, विकिरण तथा अन्य उद्दीपनों के प्रति अनुक्रिया दर्शाते हैं।